। । ओ3म् । ।

Department of Computer Science & Engineering

Faculty of Engineering & Technology

Gurukula Kangri (Deemed to be University), Haridwar – 249404

(Formerly: 'Gurukula Kangri Vishwavidyalaya, Haridwar')

(NAAC Accredited Deemed to be University u/s 3 of UGC Act 1956)

Ref. : **Date :** 17 / 08 / 2024

सूचना

शैक्षणिक सत्र् 2024 – 25 में कम्प्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग के शोध उपाधि कार्यक्रम (पी0–एच0डी0) में प्रवेश हेतु आवेदन करने वाले समस्त अर्ह सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि विभागीय शोध समिति (**DRC**) के समक्ष साक्षात्कार हेतु दिनांक **30.08.2024** को **प्रातः** 11:00 बजे विभाग के **सेमिनार हॉल** में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

साक्षात्कार प्रक्रिया में सम्मिलित होने के लिए निम्नलिखित बिन्दुओं का अनुपालन करनास अनिवार्य होगा –

1. पी0–एच0डी0 विवरणिका एवं नियमावली (अंशकालिक / पूर्णकालिक) 2024–25 में निर्दिष्ट सभी आवश्यक प्रपत्रों की मूल प्रति जाँच हेतु दिनांक **30.08.2024** को साक्षात्कार के समय अपने साथ लाना आवश्यक है। समस्त शैक्षणिक एवं अन्य संबंधित प्रमाण पत्रों की छाया–प्रति का एक स्व–प्रमाणित सेट लाना अनिवार्य है।
2. अंशकालिक अभ्यर्थियों को विवरणिका एवं नियमावली (अंशकालिक / पूर्णकालिक) 2024–25 में निर्दिष्ट निर्देशों के अनुसार अपनी नियोक्ता संस्था से **'अनापत्ति प्रमाण पत्र'** लाना आवश्यक है।
3. साक्षात्कार में सम्मिलित होने के लिए **काउन्सलिंग फीस** 1100/– (एक हजार एक सौ रुपये) ऑनलाईन जमा करना अनिवार्य है। काउन्सलिंग फीस जमा करने हेतु लिंक अभ्यर्थियों के ई–मेल आईडी और पंजीकृत मोबाईल नम्बर पर अलग से भेज दिया जाऐगा।
4. साक्षात्कार हेतु शोध अभिरूचि की स्पष्टता, विषयगत नूतन प्रवृत्तियों का ज्ञान और अपने विषय की अद्यतन बोधगम्य समझ अनिवार्य है। अतः उसके अनुरूप अपनी तैयारी करके साक्षात्कार में सम्मिलित होना सुनिश्चित करें।

Mayank

विभागाध्यक्ष

प्रतिलिपिः

1. कुलसचिव, गुरुकुल कांगड़ी (समविश्वविद्यालय), हरिद्वार
2. परीक्षा नियंत्रक, गुरुकुल कांगड़ी (समविश्वविद्यालय), हरिद्वार
3. संकायाध्यक्ष, अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संकाय, गुरुकुल कांगड़ी (समविश्वविद्यालय), हरिद्वार
4. समस्त सदस्य (विभागीय शोध समिति)
5. वेबसाईट ऐडमिनिस्ट्रेटर, गुरुकुल कांगड़ी (समविश्वविद्यालय), हरिद्वार (उक्त सूचना को समश्विविद्यालय की वेबसाईट पर डालने हेतु)

Mayank

विभागाध्यक्ष